आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुद्धवार 27.11.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की।
- सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा– सहकारिता से समृद्ध समाज का निर्माण करना सरकार की प्राथमिकता है।
- केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने तीर्थनगरी ऋषिकेश के विकास के लिए 66 करोड़ रुपए जारी किए।
- उत्तराखंड की चर्चित फिल्म पायर को अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ दर्शक वर्ग का पुरस्कार प्रदान किया गया।

बाल विवाह मुक्त भारत

केंद्र सरकार ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय अभियान बाल विवाह मुक्त भारत की शुरुआत की। अभियान का मुख्य उद्देश्य देश को बाल विवाह मुक्त राष्ट्र बनाना है। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार ने 130 जिलों की पहचान की है जहां इस अभियान को मुख्य तौर पर चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल एक अपराध है बल्कि मानवाधिकारों का उल्लंघन भी है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान केवल 10 और 15 दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर प्रयास है।

कार्यक्रम के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल का भी अनावरण किया। इस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को जागरूकता बढ़ाने, बाल विवाह को रोकने और बाल विवाह की घटनाओं को दर्ज कराने के अभियान के लिए विकसित किया गया है।

सहकार से समृद्धि

सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा है कि सरकार किसानों, काश्तकारों, महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को सहकारिता से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। आज देहरादून में ''सहकारिता में सहकार पर राष्ट्रव्यापी अभियान'' के तहत आयोजित कार्यक्रम में डॉ रावत ने कहा कि सहकारिता से समृद्ध समाज का निर्माण करना सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को सहकारी संस्थाओं से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि के प्रयास किये जा रहे हैं। साथ ही महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रदेशभर में जिला सहकारी बैंक और राज्य सहकारी बैंकों की सेवाओं को हर व्यक्ति तक पहुँचाया जा रहा है।

इससे पहले, शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने विकासनगर स्थित पीएम श्री विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया और उनकी अनुशासन व देशभक्ति की भावना को सराहा। ये कार्यक्रम एनसीसी सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश में एनसीसी का अधिक से अधिक विस्तार कर इसका लाभ छात्र–छात्राओं को पहुंचाया जाए। डॉ रावत ने कहा कि निश्चित ही सरकार का यह कदम युवाओं को सशक्त बनाने और उनमें राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## राष्ट्रीय खेल

चीन में शीतकालीन एशियाई खेलों के चलते आईओसी ने उत्तराखंड में प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों की तिथियों में बदलाव के लिए राज्य सरकार से सहमति मांगी है। इस संबंध में खेल मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में उत्तरांचल ओलंपिक संघ और खेल विभाग के अधिकारियों ने राष्ट्रीय खेलों से जुड़े कई विषयों पर चर्चा की। पत्रकारों से बातचीत में श्रीमती आर्या ने कहा कि कुछ खेल संघों ने चीन में हो रहे शीतकालीन एशियाई खेलों के मद्देनजर राष्ट्रीय खेलों की तिथियों में बदलाव की मांग की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सभी संबंधित विषयों पर चर्चा के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव

55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव में आज प्रख्यात फिल्म निर्देशक तपन सिन्हा की फिल्म यात्रा पर विशेष कार्यक्रम द स्पेक्ट्रम एंड द सोल आयोजित किया गया। आकाशवाणी से बातचीत में अर्जुन चक्रवती ने बताया कि तपन सिन्हा ने 48 फिल्मों का निर्देशन किया लेकिन किसी भी फिल्म में विषय और शैली को नहीं दोहराया।

## विशेष वित्तीय सहायता

केंद्रीय वित्त मंत्रालय में तीर्थनगरी ऋषिकेश में पयर्टन विभाग के अधीन विभिन्न परियोजनाओं के विकास के लिए 100 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं, जिसमें से प्रथम किश्त के रूप में 66 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है।

## पायर फिल्म

उत्तराखंड की चर्चित फिल्म पायर को टालीन ब्लैक नाइट्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ दर्शक वर्ग का पुरस्कार दिया गया है। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले वृद्ध नायक पदम सिंह और नायिका हीरा देवी पिथौरागढ़ जिले के बेरीनाग तहसील के निवासी हैं। इस उपलब्धि के बाद दोनों कलाकारों का अपने गृह क्षेत्र पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस फिल्म में उत्तराखंड से लगातार हो रहे पलायन और खाली गांव में जीवन जी रहे दो वृद्धों को दिखाया गया है। आकाशवाणी से बातचीत में फिल्म अभिनेता हेमंत पांडे ने कहा कि उत्तराखंड फिल्म को वैश्विक पहचान मिलना गौरव की बात है।

## मंगसीर बग्वाल

उत्तरकाशी जिले में लोकपर्व "मंगसीर बग्वाल" 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक मनाया जाएगा। यह त्यौहार उत्तरकाशी के साथ ही टिहरी गढ़वाल के बूढ़ा केदार, जौनपुर और देहरादून जिले के जौनसार क्षेत्र में दिवाली के एक महीने बाद मनाया जाता है। इस साल उत्तरकाशी जिले के रामलीला मैदान में तीन दिवसीय भव्य बग्वाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें उत्तराखंड के पारंपरिक गढ़भोज– मंडुवे की रोटी, उड़द के पकौड़े, गहत का सूप, लाल भात और फाणू सहित अन्य स्थानीय व्यंजन परोसे जाएंगे।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोगार्फी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों को बायोमेडिकल रिसर्च, क्लीनिक डायग्नोस्टिक्स और व्यक्तिगत दवा विकास में एचपीएलसी तकनीक की उन्नत उपयोगिता से रूबरू कराया गया। फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शैलेंद्र हाण्डू ने कहा कि एचपीएलसी तकनीक न सिर्फ अनुसंधान के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है बल्कि यह छात्रों और पेशेवरों को वैश्विक मानकों पर खरा उतरने के लिए भी सक्षम बना सकती है।

## खेल महाकुंभ समापन

चंपावत जिले के लोहाघाट में 10 दिवसीय जिला स्तरीय खेल महाकुंभ का आज समापन हो गया। इस खेल महाकुंभ में जिले के चारों विकासखंडों से चयनित प्रतिभागियों ने 16 स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। जिले के जिला युवा कल्याण अधिकारी जसवंत खड़ायत ने बताया कि सभी विजेता खिलाड़ियों को डीबीटी के माध्यम से पुरस्कार दिए गए। साथ ही चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार– – –

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे।

हरिद्वार जिले के जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने आज नगर निगम कार्यालय में छापेमारी की। इस दौरान 73 कार्मिक अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने छापेमारी के दौरान अनुपस्थित मिले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये।

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने संबंधित अधिकारियों को सड़कों पर जेबरा क्रोसिंग, स्पीड ब्रेकर और स्टाप लाइन्स का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड क्रांति दल के पूर्व अध्यक्ष और संरक्षक त्रिवेंद्र सिंह पंवार के निधन पर उनके ऋषिकेश स्थित आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।